कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम-शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788-2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com Website: www.govtgirlspgcollegedurg.ac.in
College Code : 1602

## // प्रेस विज्ञप्ति//

### कन्या महाविद्यालय में प्राचार्या डॉ. रंजना श्रीवास्तव की पदस्थापना

शासकीय डॉ. वा. वा. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय में नवनियुक्त प्राचार्या डॉ. रंजना श्रीवास्तव ने अपना कार्यभार आज ग्रहण कर लिया। डॉ. श्रीवास्तव पूर्व में शासकीय विश्वनाथ यादव तामस्कर स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय में वनस्पतिशास्त्र विभाग की विभागाध्यक्ष रहीं थी। स्नातक प्राचार्यों की द्वितीय सूची में शासकीय विश्वनाथ यादव तामस्कर स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय से पदमुक्त होने वाली ये 12वीं पद्दोन्नत प्राध्यापक है।

आज शासकीय डॉ. वा. वा. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ. डी. सी. अग्रवाल ने अपना कार्यभार इन्हें सौंपा और महाविद्यालय परिवार की ओर से उन्हें बधाई देते हुए आशा व्यक्त की कि एक नियमित महिला प्राचार्य के सानिध्य में कन्या महाविद्यालय की छात्राओं की उन्नति के नये मार्ग प्रशस्त होगे। आज महाविद्यालय में नृत्य एवं संगीत की वार्षिक प्रतियोगिताएँ भी चल रही थी जहाँ नव नियुक्त प्राचार्या ने छात्राओं को सम्बोधित करते हुए आगामी सेमेस्टर परीक्षाओं के लिए शुभकामनाएँ दी और आशा जताई की उनकी परिश्रम एवं परिणाम से महाविद्यालय की ख्याति बढ़ेगी और छात्राओं भविष्य भी उज्जवल होगा।

कार्यभार ग्रहण के समय उनके साथ पूर्व विभागाध्यक्ष डॉ. पण्डा, डॉ. प्रशांत श्रीवास्तव एवं अन्य प्राध्यापकण उपस्थित थे।

*समाचार के रूप में प्रकाशन हेतु निवेदित।*

डॉ. डी.सी. अग्रवाल
प्रभारी प्राचार्य
शासकीय डॉ0 वा0 वा0 पाटणकर
कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग(छ.ग.)